अग्रवाल कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन

दिनांक 21 फरवरी 2025 को अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी विभाग एवं हिंदी साहित्य परिषद् द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'पोस्टर मेकिंग', 'नारा लेखन', 'मातृभाषा में गीत', 'कविता', 'भजन गायन' जैसी विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी मातृभाषा के प्रति प्रेम और सम्मान प्रकट किया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में मातृभाषा की महत्ता को उजागर करना एवं उनके अभिव्यक्ति कौशल को बढ़ावा देना था। प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और भाषा के प्रति अपनी गहरी संवेदनशीलता को दर्शाया। पोस्टर मेकिंग एवं नारा लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सशक्त संदेशों के माध्यम से मातृभाषा की उपयोगिता और संस्कृति में उसके योगदान को रेखांकित किया। वहीं, गीत और कविता पाठ में विद्यार्थियों ने मातृभाषा भाषा के प्रति अपने भावनात्मक लगाव को प्रकट किया।

अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अग्रवाल कॉलेज अध्यक्ष (गवर्निंग बॉडी) श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता, अग्रवाल कॉलेज महासचिव (गवर्निंग बॉडी) एडवोकेट श्री दिनेश कुमार गुप्ता की सदप्रेरणा से एवं अग्रवाल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि "मातृभाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और पहचान का प्रतीक भी है।" कॉलेज प्राचार्य ने विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा के प्रति जागरूक रहने और उसे आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का सफल आयोजन विभाग अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार निराला, कार्यक्रम संयोजिका डॉ. रेणु माहेश्वरी के नेतृत्व में किया गया तथा अन्य सदस्यों डॉ. मधु सिंगला, सुश्री अंजली नागर, श्री आशीष सिंह ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर हर्षिता(बी सी ए), द्वितीय स्थान पर श्रेया दत्त (बी बी ए), तृतीय स्थान पर स्नेहा (बी ए) रही और प्रोत्साहन खुशबू (बी सी ए) को मिला।"जो अपनी मातृभाषा अपनाएगा, ज्ञान,गौरव, और सम्मान वह पाएगा" यह नारा लिखकर खुशबू (एम ए) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और द्वितीय स्थान पर रेणु (एम ए) रही। उन्होंने नारा दिया "मातृभाषा से नाता जोड़ो ,संस्कृति और संस्कार से खुद को जोड़ो"तथा तृतीय स्थान पर टीना (एम ए) रही । गर्व को प्रोत्साहन पुरुस्कार मिला।इस आयोजन से विद्यार्थियों को अपनी भाषा एवं संस्कृति को और अधिक आत्मसात करने की प्रेरणा मिली।